हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 8 मई 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 निलंबित रेंजर के पलटवार से वन महकमे में आया भूचाल...



07 ग्रीष्मकालीन अवकाश से आंगनवाड़ी के बच्चों को...



# राजस्थान के खाटूश्याम से अपहृता को बरामद कर अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में नाबालिगों पर घटित अपराधों को अत्यंत गंभीरता से लेकर इनमें त्वरित, संवेदनशील और प्रभावी कारईवाई की जा रही हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र से नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में सराहनीय कारईवाई करते हुए अपहृता को राजस्थान के खाटूश्याम से सुरक्षित दस्तयाब कर उसके अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 27 अप्रैल 2026 को एक भाई द्वारा म्याना थाने में अपनी नाबालिग बहन के घर से बिना बताए चले जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । इस दौरान फरियादी ने बताया कि दिनांक 26 अप्रैल 2026 की रात्रि में उसकी बहन घर से अचानक बिना बताए कहीं चली गई है, जिसकी काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका है । जिसकी रिपोर्ट पर से म्याना थाने में अपराध क्रमांक 95/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए म्याना थाना पुलिस द्वारा त्काल



किशोरी की तलाश शुरू की गई । इस हेतु पुलिस द्वारा अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुए विभिन्न तकनीकी संसाधनों का गहन विश्लेषण किया गया तथा सभी संभावित स्थानों पर अपहृता की निरंतर खोजबीन की गई । जिसकी तलाश के क्रम में अपहृता के राजस्थान के खाटूश्याम में होने की जानकारी मिलने पर म्याना थाने से पुलिस की एक टीम खाटूश्याम रवाना की गई, जहां पर पुलिस टीम द्वारा की सरगर्मी से तलाश करते हुए अंततः दिनांक 05 मई 2026 को अपहृत किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया।

साथ ही पुलिस द्वारा अपहृता के साथ मौजूद संदेही कृष्णकांत बैरागी को भी हिरासत में लेकर दोंनो को म्याना थाना लाया गया ।दस्तयाबी उपरांत पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि रूठियाई निवासी कृष्णकांत बैरागी उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ गलत काम किया । इसके बाद पुलिस ने आरोपी कृष्णकांत के विरुद्ध प्रकरण में धारा 64(1), 64(2)(m) बीएनएस एवं 5L/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा कर आरोपी कृष्णकांत पुत्र प्रेमदास बैरागी निवासी श्यामनगर रूठियाई थाना धरनावदा जिला गुना को विधिवत गिरफ्तार किया गया और जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है । म्याना थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह भदौरिया, ऊमरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रचना खत्री, प्रधान आरक्षक ओमकांत खटीक, आरक्षक रंजीत जाटव, महिला आरक्षक पूनम रघुवंशी एवं महिला आरक्षक दीपशिका लोधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## नेताओं के साथ पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जिले के किसान भी शामिल हुए

# कांग्रेस ने किसानों के लिए हाईवे पर किया चक्काजाम

फंसे रहे सैकड़ों वाहन





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को किसानों के लिए हाईवे पर चक्काजाम किया ।

जिसका असर फोरलेन हाईवे पर कई किलोमीटर तक देखा गया और वाहन लंबे समय तक जाम में फंसे रहे। गुना में बिलोनिया के पास हाईवे पर राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया । चक्काजाम में गुना और अशोकनगर जिले के कांग्रेस नेताओं के साथ पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जिले के किसान भी शामिल हुए।

दोपहर करीब 12 बजे कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। प्रदर्शन में बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल, अशोकनगर विधायक हरिबाबू राय सहित अन्य नेता शामिल हुए।

गेहूं उपार्जन में अव्यवस्था, फसलों के उचित दाम और खाद-बीज जैसी समस्या प्रमुख हैं, जिन्हें लेकर ये प्रदर्शन किया जा रहा है।

### ट्रैक्टर चलाकर प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे जयवर्धन

जयवर्धन सिंह ट्रैक्टर चलाकर प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पहुंचे ।यहां हाइवे पर सड़क पर बैठे जयवर्धन सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की वादाखिलाफी और किसानों के शोषण के लिए लाये जा रहे नये-नये नियमों के विरोध में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में में प्रदर्शन किया जा रहा है। जयवर्धन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 2700 की रेट में गेंहू खरीदी का वादा किया था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ ।उल्टा सरकार ने एक माह लेट गेंहू का उपार्जन शुरू किया। भाजपा सरकार ने जानबूझकर आनलाइन पंजीयन और स्लाट बुकिंग में किसानों को उलझाए रखा। वहीं अब भाजपा सरकार किसानों के शोषण के लिए नये नियम कानून लेकर आ रही है। किसानों को अब यूरिया, डीएपी के लिए भी आनलाइन पंजीयन कराकर परेशान होना पड़ेगा। नये नियमों के मुताधिक 2 बीगा पर एक कट्टा यूरिया एवं एक हेक्टेयर पर एक कट्टा डीएपी दिया जाएगा, इससे किसानों में नाराजगी है। चक्काजाम के दौरान सैकड़ों ट्रक के साथ लंबी दूरी वाली यात्री बसें भी जाम में फंसीं रहीं।

### महिला मरीज की जानकारी मिलने पर उसे रास्ता दिया

इस दौरान ग्वालियर की और से इंदौर जा रही एक बस में महिला मरीज की जानकारी मिलने पर उसे रास्ता दिया गया और जाम से बाहर निकाला। इस दौरान एएसपी मानसिंह ठाकुर बस के दरवाजे पर खड़े नजर आए और उसे जाम से बाहर निकाला। बताया गया कि उस बस में नेपाल की रहने वाली एक महिला मरीज सवार थी, जो अपने बेटे के साथ इंदौर इलाज के लिए जा रहीं थीं। बस यहां हाइवे पर जाम में करीब घंटे भर खड़ी रही। लेकिन जब मरीज संबंधी जानकारी लगी तो पुलिस हरकत में आई, वहीं कांग्रेस नेताओं ने भी बस को जाम से निकलवाने में मदद की। सिंह ने कहा कि हम किसानों के साथ खड़े हैं एवं नये नियम कानून से किसानों का शोषण नहीं होने देंगे।

### बसें डायवर्ट, बारात के वाहन फंसे

चक्काजाम और प्रदर्शन से जाम में फंसे वाहन चालकों की हालत खराब हो गई, भीषण गर्मी के बीच उन्हें हाइवे पर वाहनों में घंटों बैठे रहना पड़ा। हालांकि बसें सहित कुछ अन्य वाहन म्याना होते हुए डायवर्ट किए गए। लेकिन जाम में कुछ बाराती वाहनों के फंसने की जानकारी मिली। वहीं सबसे ज्यादा परेशानी ट्रक चालकों को हुई, घंटों फंसे रहने के बाद भी नहीं निकल पाए।

# बजरंगगढ़ के प्रसिद्ध बीस भुजा देवी मंदिर में चोरी

### बदमाशों ने गर्भगृह का भारी-भरकम लोहे का गेट उखाड़ा, सीसीटीवी की डीवीआर ले भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिले के प्रमुख आस्था केंद्र और ऐतिहासिक बजरंगगढ़ स्थित मां बीस भुजा देवी मंदिर को बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। चोरों ने न केवल मंदिर के गर्भगृह में सेंधमारी की, बल्कि वहां लगा कई क्विंटल वजनी लोहे का गेट भी तोड़ दिया। बदमाशों की यह दुस्साहसिक वारदात मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने माता के गर्भगृह का बेहद मजबूत और भारी लोहे का गेट (करीब 3-4 क्विंटल वजनी) तोड़कर अंदर प्रवेश किया। पुजारी के मुताबिक, बदमाशों का मुख्य उद्देश्य माता के आभूषण चुराना रहा होगा, जिसके लिए उन्होंने इतनी मशक्कत कर गेट उखाड़ा। मंदिर में लगी दान पेटियों के भी ताले तोड़े गए हैं। चूंकि हाल ही में चैत्र नवरात्रि के समय पेटियां खोली गई थीं, इसलिए नकद राशि की चोरी कम होने का अनुमान है। चोरों ने मंदिर के बाहर की दान पेटी के पैसे वहीं छोड़ दिए, जबकि अंदर वाली पेटी की पूरी राशि लेकर चंपत हो गए।वारदात को अंजाम देने के बाद पकड़े जाने के डर से बदमाश मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ गए और उनकी डीवीआर (रिकॉर्डर) भी अपने साथ ले गए। गेट की मजबूती को देखते हुए यह अंदेशा जताया जा रहा है कि इस वारदात में एक से अधिक लोग शामिल थे। घटना की सूचना मिलते ही बजरंगगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की मदद से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मंदिर में हुई इस घटना से श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

## जिला अस्पताल में प्रसूता की मौत पर हंगामा, परिजनों ने लगाया लापरवाही और गलत ब्लड चढ़ाने का आरोप

गुना। जिला चिकित्सालय के प्रसूति वार्ड में 20 वर्षीय नवविवाहिता की मौत के बाद अस्पताल परिसर में भारी हंगामा हो गया। मृतका की पहचान बीनागंज क्षेत्र के ग्राम पिपलिया निवासी पूजा भील के रूप में हुई है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में गंभीर लापरवाही और गलत ब्लड चढ़ाने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, पूजा भील को 5 मई की शाम करीब 7 बजे प्रसव पीड़ा के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना है कि भर्ती के बाद से ही उसकी हालत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन डॉक्टरों और स्टाफ द्वारा समय पर उचित उपचार नहीं दिया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद शरीर में खून की कमी बताते हुए ब्लड चढ़ाने की सलाह दी। परिजनों के अनुसार, 6 मई की शाम करीब 5:30 बजे ब्लड चढ़ाया गया, जिसके लगभग 20 मिनट बाद ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि ब्लड चढ़ाने में लापरवाही हुई या गलत ब्लड चढ़ा दिया गया, जिससे महिला की जान चली गई। मृत्यु की सूचना फैलते ही अस्पताल परिसर में तनाव की स्थिति बन गई और बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामीण एकत्रित हो गए। परिजनों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्याय की मांग की है। अस्पताल प्रबंधन ने आरोपों को नकार दिया।

## समाचार संक्षेप

### कूनो नदी उदगम स्थल पर आयोजित हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 कार्यक्रम



गुना । जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत ग्राम कंजा तरावटा स्थित कूनो नदी उद्गम स्थल पर "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026" अंतर्गत जागरूकता एवं प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में म.प्र. जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त मोहन नागर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर मोहन नागर ने जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि "जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।" उन्होंने ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन, नदियों के पुनर्जीवन, वृक्षारोपण एवं जल के सदुपयोग के प्रति जागरूक करते हुए प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाने और जल के दुरुपयोग को रोकने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि शासन एवं समाज के संयुक्त प्रयासों से ही पर्यावरण संरक्षण का अभियान जनआंदोलन का स्वरूप ले सकता है। कार्यक्रम का संचालन राजाराम धाकड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक मंजूषा सोलोमन, ब्लॉक समन्वयक अमित गोयल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, ग्राम पंचायत सरपंच दृगपाल सिंह यादव, परामर्शदाता राम किशोर देवलिया, धर्मेंद्र किरार, हेमराज बैरागी, राजकुमार बैरागी, विकास सेन, बी.डी. शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### 5977 किसानों से 33894.85 एमटी गेहूं खरीदी, 52 करोड़ से अधिक भुगतान जारी

गुना । रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने हेतु प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। अब तक जिले में 5977 किसानों से 33894.85 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों के भुगतान हेतु 62.27 करोड़ रुपये की राशि ईपीओ के माध्यम से प्राप्त हो चुकी है, जिसमें से 52.24 करोड़ रुपये किसानों के बैंक खातों में भेजे जा चुके हैं। शेष भुगतान की प्रक्रिया लगातार जारी है। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के दौरान जिन किसानों की स्लॉट अवधि समाप्त होने अथवा पोर्टल सर्वर संबंधी तकनीकी कारणों से उपज दर्ज नहीं हो सकी थी, उनकी समस्या का भी तत्परता से निराकरण किया गया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा 24, 25, 26, 27, 28 एवं 30 तारीख को संबंधित उपार्जन केंद्रों से किसानों की जानकारी प्राप्त कर सूची आयुक्त खाद्य, भोपाल को प्रेषित की गई। शासन स्तर पर निर्णय लेते हुए ऐसे सभी किसानों के स्लॉट पुनः बढ़ाए गए तथा जिन किसानों की खरीदी पोर्टल पर दर्ज नहीं हो पाई थी, उनकी एंट्री भी सफलतापूर्वक दर्ज कर ली गई है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग एवं तत्पर है तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

### चना एवं मसूर उपार्जन में छूटी उपज दर्ज कराने का अवसर

गुना। चना एवं मसूर के उपार्जन हेतु जिन किसान भाईयो की स्लॉट की अवधि समाप्त हो चुकी हैं तथा ऐसे कृषक भाई जिन्होने अपनी उपज उपार्जन केन्द्र पर विक्रय कर दी है, लेकिन उनकी कुछ उपज स्लॉट अवधि समाप्त होने के कारण ई-उपार्जन पोर्टल पर दर्ज नही हो पायी है। ऐसे कृषकबंधु अपना आवेदन कार्यालय उप संचालक कृषि जिला-गुना में देकर स्लॉट की अवधि बढा सकते हैं। अभी तक जितने आवेदन कार्यालय में प्राप्त हुये हैं उनकी स्लॉट की अवधि बढा दी गई हैं।

## शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना से पिछड़ा वर्ग के युवक, युवतियां होगें लाभान्वित

गुना । मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान युवक/युवतियों को लाभांवित करने के उद्देश्य से शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 लागू की गई है। सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों पुलिस होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए तैयार करने हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा जिससे उन्हें आने वाले भविष्य में इस योजना से लाभ मिल सकेगा। इस योजना के अंतर्गत चयनित युवाओं को आवासीय प्रशिक्षण के माध्यम से इन सेवाओं में भर्ती के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकेंगे। यह प्रशिक्षण 45 दिवसीय रहेगा। पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान युवक/युवतियों को आवास एवं खाने की व्यवस्था पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग गुना द्वारा निःशुल्क प्रदान की जावेगी। इस योजना में भाग लेने के लिये युवक/युवतियों दिनांक 11 मई 2026 तक ऑफलाइन माध्यम से आवेदन निःशुल्क प्राप्त किये जा रहे है। यह आवेदन पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग गुना में जमा किये जा सकते है।यहां यह उल्लेखनिय है कि पिछड़ा वर्ग के युवा वर्ग के लिये म0प्र0 शासन द्वारा यह महती योजना लागू की गई है। जो गुना जिले में पहली बार आयोजित की जा रही है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग गुना के सहायक संचालक बी. सिसोदिया एवं निरीक्षक राकेश राठौर शाखा प्रभारी पवन भार्गव ने पिछड़ा वर्ग के युवक/युवतियों से आव्हान किया है कि शासन की इस महत्वपूर्ण योजना में पिछड़ा वर्ग के युवक/युवतियां शामिल हो ताकि आने वाले समय में सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों पुलिस होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती में उन्हें लाभ मिल सकें।

## जिला कोर्ट परिसर के बाहर बुधवार दोपहर फिल्मी अंदाज में गैंगवार और अपहरण की वारदात

# कट्टे की नोक पर दो दोस्तों का अपहरण, फरियादी ने छीनी हमलावर की पिस्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके जिला कोर्ट परिसर के बाहर बुधवार दोपहर फिल्मी अंदाज में गैंगवार और अपहरण की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया। हमलावरों ने हत्या की नियत से पिस्टल से फायर करने की कोशिश की, लेकिन पिस्टल के मिसफायर होते ही फरियादी ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए आरोपी के हाथ से पिस्टल छीन ली। इसके बाद आरोपी, फरियादी के दो दोस्तों को हथियार की नोक पर मोटरसाइकिल पर बैठाकर जबरन अगवा कर ले गए। पुलिस ने मामले में अपहरण और हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### विवाद की शुरुआत और जानलेवा हमला

घटना बुधवार दोपहर करीब 2:20 बजे की है। फरियादी धनराज सिंह उर्फ आशु जाट अपने साथी दीपक ओझा के साथ कोर्ट में नकल निकलवाने गया था। कोर्ट गेट के बाहर जब वह अपने अन्य दोस्तों, हेमंत राजपूत और नितिन यादव से बात कर रहा था, तभी अक्षय शुक्ला नाम के युवक ने अपनी बाइक धनराज की बाइक से अड़ा दी। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ।

विवाद के कुछ ही देर बाद अक्षय शुक्ला, अपने साथी विशाल अन्नोटिया, नकुल अन्नोटिया और दो अन्य अज्ञात हमलावरों के साथ हथियारों से लैस होकर वहां पहुंचा। आरोपियों ने एक राय होकर गाली-गलौज शुरू कर दी और अक्षय ने चिल्लाकर कहा, आज इसे जान से खत्म कर देते हैं।

### पिस्टल मिसफायर हो गई

वारदात के दौरान विशाल अन्नोटिया ने जान से मारने की नियत से धनराज पर पिस्टल तान दी और ट्रिगर दबा दिया। खुशकिस्मती रही कि पिस्टल मिसफायर हो गई। मौत को सामने देख धनराज डरा नहीं, बल्कि उसने




झपटकर हमलावर विशाल के हाथ से पिस्टल छीन ली। इसी बीच नकुल अन्नोटिया ने भी अपनी पिस्टल निकाल ली और अक्षय शुक्ला तलवार लहराने लगा।

### पुलिस की मदद को भागा फरियादी दोस्तों का हुआ अपहरण

हमलावरों से अपनी जान बचाने और मदद की उम्मीद में धनराज हाथ में छिनी हुई पिस्टल लेकर नगर पालिका की ओर भागा। उसने सोचा कि पुलिस को देखकर हमलावर भाग जाएंगे। लेकिन जब उसने पीछे मुड़कर देखा, तो आरोपी अक्षय, नकुल और उनके साथी हथियारों के दम पर दीपक ओझा और हेमंत राजपूत को जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपहरण कर ले गए। जानकारी के अनुसार पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया है।

### पुलिस ने दर्ज किया केस, तलाश जारी

उपनिरीक्षक ज्योति राजपूत ने इस मामले में देहाती नालसी दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 109(1), 191(2), 115(2), 296(बी), 140(3) और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरियादी ने हमलावर से छीनी गई पिस्टल को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। शहर के बीचों-बीच हुई इस वारदात से हड़कंप मच गया है और पुलिस अब अपहृत युवकों की तलाश और आरोपियों की धरपकड़ में जुटी है।

# समाधान समारोह-2026 के तहत विशेष लोक अदालत का आयोजन 21 से 23 अगस्त तक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सर्वोच्च न्यायालय, भारत द्वारा "समाधान समारोह-2026" के अंतर्गत विशेष लोक अदालत का आयोजन 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को नई दिल्ली स्थित सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं संवाद के माध्यम से त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण करना है।इस आयोजन में पक्षकारों की सहमति से विभिन्न श्रेणियों के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इनमें बैंकिंग एवं बीमा संबंधी मामले, सिविल (दीवानी) प्रकरण, मोटर दुर्घटना प्रतिकर प्रकरण, उपभोक्ता विवाद, पारिवारिक विवाद, वाणिज्यिक एवं आर्बिट्रेशन प्रकरण, भूमि अधिग्रहण मामले, श्रमिक एवं औद्योगिक विवाद, किरायेदारी एवं बेदखली संबंधी प्रकरण सहित अन्य समझौता योग्य मामले शामिल हैं।विशेष लोक अदालत की प्रमुख विशेषताओं में पूर्णतः स्वैच्छिक प्रक्रिया, दोनों पक्षों की सहमति, पूर्व-समझौता (मध्यस्थता) बैठकें तथा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों की सुविधा शामिल है। साथ ही, कोर्ट फीस की वापसी एवं अंतिम आदेश की व्यवस्था भी की जाएगी।मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया है कि चिन्हित प्रकरणों की सूची एवं विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं व्हाट्सएप चैनल पर उपलब्ध है।

प्रकरणों के प्री-लिटिगेशन, मध्यस्थता एवं समझौते के लिए मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उच्च न्यायालय विधिक सेवा समितियों से भी संपर्क किया जा सकता है।इस विशेष पहल के माध्यम से न्याय प्रक्रिया को सरल, सुलभ एवं त्वरित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है, जिससे आमजन को समयबद्ध न्याय मिल सके।


शिशुपाल ने खोली विभाग की काली फाइलें, सीसीएफ से लेकर रेंजरों तक पर भ्रष्टाचार के आरोप

# निलंबित रेंजर के पलटवार से वन महकमे में आया भूचाल, साधी चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

वन विभाग के निलंबित जतारा रेंजर और रेंजर एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष रहे शिशुपाल अहिरवार ने अब अपने ही विभाग वन विभाग के खिलाफ जबरदस्त आक्रमक मोर्चा खोल दिया है। निलंबित रेंजर अहिरवार के द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, लोकायुक्त, पीसीसीएफ और वन विभाग के शीर्ष अधिकारियों को भेजी गईं तीन विस्तृत लिखित शिकायतों ने वन विभाग महकमे में हड़कंप मचा दिया है। उक्त शिकायतों में दस्तावेजों, आदेशों, पत्र क्रमांकों और कथित ऑडियो साक्ष्यों के आधार पर वन विभाग में वर्षों से चल रहे कथित भ्रष्टाचार, फर्जी पदोन्नति, नियम विरुद्ध तबादले, वन भूमि मामलों में घूसखोरी और राजसात प्रक्रिया में अनियमितताओं का पोलखोल खुलासा किया गया है। जबकि उक्त आरोपों को लेकर ज़ब वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो से संपर्क करके उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो कई प्रयासों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी अपनी चुप्पी तोड़कर कुछ भी बोलने से बचने का प्रयास करते दिखे।



### विभाग में बाबू राज, कथित भ्रष्टाचार का मुख्य केंद्र है लिपिक

शिकायतकर्ता निलंवित रेंजर शिशुपाल अहिरवार ने आरोप लगाया है कि वन वृत्त छतरपुर में बाबू राज चल रहा है, जहां नियमों से ज्यादा रिश्वत और ऊँची पहुंच का असर दिखाई देता है। उन्होंने मुख्य रूप से वन वृत्त कार्यालय छतरपुर के मुख्य लिपिक एवं स्थापना प्रभारी राघवेंद्र प्रसाद द्विवेदी उर्फ़ आरपी द्विवेदी, को पूरे कथित भ्रष्टाचार नेटवर्क का मुख्य केंद्र बताया है।

### सीसीएफ ऑफिस बना ट्रांसफर-पोस्टिंग की ओपन मंडी

पहली शिकायत में निलंवित रेंजर शिशुपाल अहिरवार ने वर्तमान सीसीएफ नरेश सिंह यादव, तत्कालीन सीसीएफ एके सिंह और स्थापना प्रभारी राघवेंद्र प्रसाद द्विवेदी पर रिश्वत के रूप में भारी रकम लेकर नियम विरुद्ध पदोन्नति और तबादले करने के आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, वर्ष 2024 में कार्यवाहक वनपालों की पदस्थापना एवं उड़नदस्ता दलों में ड्यूटी लगाने के नाम पर कथित रूप से लाखों रुपये की वसूली की गई। आरोप है कि बिना मुख्यालय और विभागीय मंत्री की अनुमति के कर्मचारियों की पोस्टिंग बदली गई। शिशुपाल ने यह भी आरोप लगाया कि राघवेंद्र द्विवेदी ने कई मामलों में स्वयं सीसीएफ की जगह हस्ताक्षर कर अनुमति पत्र जारी किए, जबकि ऐसे अधिकार केवल सीसीएफ स्तर के अधिकारी को प्राप्त हैं। शिकायत में बड़ामलहरा रेंज में खनिज सर्वेक्षण अनुमति जारी करने के मामले को भी बड़ा उदाहरण बताया गया है।

### वन भूमि के बजाय भ्रष्टाचारियो को बचाने के आरोप

दूसरी शिकायत में वन परिक्षेत्र अधिकारी बाजना एवं तत्कालीन उड़नदस्ता प्रभारी रजत तोमर को निशाने पर लिया गया है। शिकायत के अनुसार छतरपुर की बीट हमा के कक्ष क्रमांक पी-619 में वन भूमि पर अवैध निर्माण और स्विमिंग पूल निर्माण की शिकायत के बावजूद रजत तोमर ने कथित रूप से 1.75 लाख रुपये लेकर जांच रिपोर्ट में उस भूमि को राजस्व भूमि बता दिया। हालांकि बाद में कार्ययोजना अधिकारी अजय पांडे की जांच में निर्माण का हिस्सा वन भूमि पर पाया गया और तत्कालीन सीसीएफ ने कार्रवाई के निर्देश भी दिए, लेकिन शिकायतकर्ता का आरोप है कि आज तक संबंधित अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि रजत तोमर ने बाजना रेंज में फर्जी प्रमाणक, मनरेगा कार्यों में अनियमितता, वृक्षारोपण और जल संरक्षण कार्यों में भ्रष्टाचार तथा वन भूमि अतिक्रमण को संरक्षण देकर बड़ी संपत्ति अर्जित की।

### पूर्व एसडीओ और टीकमगढ़ रेंजर पर भी गंभीर आरोप

तीसरी शिकायत में तत्कालीन एसडीओ टीकमगढ़ अमिता केबी और टीकमगढ़ रेंजर सौरभ जैन पर वन अपराधों में राजसात जब्त वाहनों को नियम विरुद्ध तरीके से छोड़ने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के मुताबिक, जनवरी 2024 में वन भूमि पर अवैध बोरिंग करते पकड़ी गई मशीनों को राजसात प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद कथित रूप से पैसों के लेनदेन के बाद प्रतिकर राशि लेकर छोड़ दिया गया। इसके अलावा अनुसूची-1 के वन्यजीव चिंकारा मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किए बिना बयान लेकर छोड़ देने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता शिशुपाल ने इसे कानून और वन्यजीव संरक्षण नियमों की खुली अवहेलना बताया है।

### सस्पेंशन के बाद खुली भ्रष्टाचार की डायरी

वन विभाग में उक्त ताबड़तोड़ की जा रही शिकायतों मामला अब चर्चा का सबसे बड़ा विषय बन गया है। निलंबन के बाद जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार द्वारा एक के बाद एक, बड़े अधिकारियों और रेंजरों पर लगाए गए आरोपों ने पूरे वन विभाग को कठघरे में खड़ा कर दिया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि लोकायुक्त, वन मुख्यालय और शासन स्तर पर की गईं इन गंभीर शिकायतों की निष्पक्ष जांच होती है या फिर उक्त मामलो को भी फाइलों में दबा दिया जायेगा।

### निलंबित बाबू को प्रमोशन, हाईकोर्ट में मामला और विभाग मौन

शिकायत में सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी सुखदेव कुशवाहा का मामला भी उठाया गया है। आरोप है कि निलंबन अवधि में ही उन्हें नियम विरुद्ध तरीके से लेखापाल पद पर पदोन्नत कर दिया गया। शिशुपाल ने सवाल उठाया कि जब एक कर्मचारी पर आरोप पत्र लंबित था और हाईकोर्ट में मामला विचाराधीन था, तब आखिर किस दबाव और किस अदृश्य डील के तहत पदोन्नति आदेश जारी किए गए।

### मालूम नहीं है

ऐसा तो कुछ नहीं किया गया कि मेरे द्वारा गाड़ी को छोड़ा गया हो, और मुझे शिकायत के बारे में मालूम भी भी है। आप मुझे शिकायत भेजिए, फिर मै कुछ कह पाउंगी।

**अमिता केवी,** तत्कालीन एसडीओ वन विभाग टीकमगढ़

मेरा निलंवन इसलिये किया गया क्योंकि मैं रिश्वतखोरी के खेल में शामिल नहीं हुआ। इसलिये अब मै उन लोगो की फाइलें खुलवाना चाह रहा हूँ जो सचमुच इस खेल में शामिल है। इसलिये मैंने उच्च स्तर पर ये दस्तावेजो समेत शिकायतें की है।

**शिशुपाल अहिरवार,** शिकायतकर्ता व निलंबित

पुलिस चला रही व्यापक कानूनी जागरूकता अभियान

# कानून की सही जानकारी ही नागरिक की सबसे बड़ी ताकतः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



नवीन आपराधिक कानूनों की जानकारी आमजन तक सरल और व्यवहारिक रूप में पहुंचाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाया जा रहा कानूनी जागरूकता अभियान लगातार प्रभावी होता जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिलेभर में पुलिस टीमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों को नए कानूनों, उनके अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दे रही हैं।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि सरल भाषा में कानून की सही समझ ही नागरिक की सच्ची शक्ति है। जागरूक नागरिक ही अपनी सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल कानून बताने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में विश्वास, पारदर्शिता और सहभागिता बढ़ाने का भी माध्यम बन रहा है।

अभियान के तहत पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी चौपालों, जनसंवाद कार्यक्रमों और सामुदायिक बैठकों के माध्यम से लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। जटिल कानूनी विषयों को स्थानीय भाषा और व्यवहारिक उदाहरणों के जरिए समझाया जा रहा है, ताकि हर वर्ग का व्यक्ति उन्हें आसानी से समझ सके। इसी क्रम में 6 मई को थाना लिधोरा पुलिस द्वारा आयोजित चौपाल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की समस्याएं और जिज्ञासाएं सुनकर मौके पर ही समाधान किया गया। इससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति विश्वास और सहयोग की भावना मजबूत हुई। कार्यक्रम में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई। महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, त्वरित न्याय प्रणाली तथा नागरिक अधिकारों से जुड़े विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। पुलिस टीम ने नागरिकों को जीरो एफआईआर की सुविधा, डिजिटल साक्ष्यों की वैधता, ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, भीड़ हिंसा के खिलाफ सख्त कानूनी प्रावधान तथा आर्थिक अपराधों में संपत्ति जब्ती के नियमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। पुलिस के अनुसार अब तक जिलेभर में 223 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से 36 हजार से अधिक नागरिकों को कानूनी रूप से जागरूक किया गया है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करें और कानून की जानकारी प्राप्त कर सुरक्षित, न्यायपूर्ण और जागरूक समाज के निर्माण में सहयोग दें।

शादी का निमंत्रण देकर लौट रहे थे दंपती, बड़ागांव ककरवाहा मार्ग पर दर्दनाक हादसा

# सड़क पर फैली गिट्टी बनी जानलेवा, महिला की मौत



**टीकमगढ़।** जिले के बड़ागांव ककरवाहा मार्ग पर गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में माहौल गमगीन बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार ग्राम गुड़ा भदौरा निवासी फूलबाई कुशवाहा अपने पति बिहारी कुशवाहा के साथ रिश्तेदारी में शादी का निमंत्रण देकर बाइक से वापस घर लौट रही थीं। शाम करीब 4 बजे जब वे बड़ागांव ककरवाहा मार्ग स्थित वीरनगर तिराहा के पास पहुंचे, तभी सड़क पर फैली गिट्टी पर बाइक चढ़ गई। अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में फूलबाई कुशवाहा को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति बिहारी कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल की मदद की। सूचना मिलने पर बड़ागांव धसान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घायल बिहारी कुशवाहा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सड़क पर फैली गिट्टी को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और निर्माण कार्यों में बरती जा रही लापरवाही को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

नदी किनारे अवैध हथियार लिये युवक को किया गिरफ्तार

# एसपी मंडलोई के निर्देशन में चल रहा विशेष अभियान, मोहनगढ़ पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोहनगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम मस्तापुर के नदी किनारे दबिश देकर एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

अवैध हथियार रखने एवं उनका उपयोग करने वाले आरोपियों के विरुद्ध जिलेभर में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में सख्त अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने और कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में मोहनगढ़ थाना प्रभारी अंकित दुबे द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। मोहनगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मस्तापुर में नदी किनारे एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। उक्त सूचना मिलते ही मोहनगढ़ थाना प्रभारी अंकित दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी रमन लोधी निवासी मोहनगढ़ को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। जब्त हथियार एवं कारतूस की कुल कीमत लगभग 5 हजार 200 रुपये बताई गई है। मोहनगढ़ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना मोहनगढ़ में धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी से हथियार के स्रोत और उसके उपयोग के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अंकित दुबे, सहायक उपनिरीक्षक संतोष पाण्डेय, प्रधान आरक्षक रघुवीर, आरक्षक प्रशांत साहू, पुष्पराज सिंह, लक्ष्मीप्रसाद एवं एनआरएस पंचम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# शहर के व्यस्त इलाकों में बनाएं सुलभ शौचालयः सरोज

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, महिलाओं-बुजुर्गों की सुविधा को बताया प्राथमिकता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



नगर में लगातार बढ़ती आबादी, बाजारों में बढ़ती भीड़ और सार्वजनिक सुविधाओं की कमी को देखते हुए अब शहर के प्रमुख क्षेत्रों में सुलभ शौचालय निर्माण की तैयारी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने नगर के कई व्यस्ततम स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर नगर पालिका अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। इस पहल को शहर की स्वच्छता व्यवस्था और आम नागरिकों की सुविधा से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने शहर के व्यस्त क्षेत्रो पुरानी तहसील, स्टेट बैंक चौराहा, महिला पार्क एवं नज़ाई गल्ला मंडी क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए वहां आने-जाने वाले नागरिकों, व्यापारियों और महिलाओं से भी चर्चा की। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि इन क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों एवं बाहर से आने वाले लोगों को असुविधा झेलनी पड़ती है। निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष राजपूत ने कहा कि किसी भी शहर की पहचान केवल विकास कार्यों से नहीं बल्कि वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था से होती है। उन्होंने नगर पालिका के एसडीओ दीपक विश्वकर्मा को निर्देशित करते हुए कहा कि चिन्हित स्थानों पर जल्द तकनीकी सर्वेक्षण कराकर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि बनने वाले सुलभ शौचालय स्वच्छ, सुरक्षित और नियमित देखरेख वाले हों, ताकि लोगों को दीर्घकालीन सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान कई व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने भी सार्वजनिक शौचालयों की आवश्यकता को लेकर अपनी समस्याएं रखीं। नागरिकों ने कहा कि बाजार क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, लेकिन पर्याप्त सुविधाएं न होने से लोगों को परेशानी होती है। इस पहल से निश्चित रूप से बाजार क्षेत्र की व्यवस्था में सुधार आएगा और स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपूत ने कहा कि नगर विकास केवल सड़कों और भवनों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि नागरिकों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जानी चाहिए।

315 बोर का देशी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद

# रविदास मंदिर के पास अवैध कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंदेरा थाना पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम विशानपुरा स्थित रविदास मंदिर के पास दबिश देकर एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिलेभर में अवैध हथियार रखने एवं उनका उपयोग करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत सभी थाना प्रभारियों को संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 7 मई को चौकी जेवर थाना चंदेरा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम विशानपुरा के रविदास मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी यशपाल उर्फ बाली यादव निवासी ग्राम जेबर को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। जब्त हथियार एवं कारतूस की कुल कीमत लगभग 3 हजार 200 रुपये बताई गई है।



एसपी मंडलोई के प्रयासों से थाना देहात बना बदलाव का मॉडल, और पहल बनी चर्चा का केंद्र

# हरित संदेश व आधुनिक पुलिसिंग का संगम, प्रभारी मंत्री ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने की दिशा में थाना देहात परिसर में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई एवं जनप्रतिनिधियों के साथ पौधारोपण कर हरित भविष्य के प्रति सामूहिक संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और पौधों के संरक्षण को लेकर किए जा रहे नवाचारों की भी जानकारी साझा की गई। प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यदि समाज का हर व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प ले तो आने वाले समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में बड़ी मदद मिल सकती है। उन्होंने नागरिकों से इस अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से जनआंदोलन बनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि जिले में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए पुलिस लाइन परिसर में लगभग 10 हजार पौधों का रोपण एवं संरक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के सभी थाना एवं चौकी परिसरों में भी वृक्षारोपण अभियान चलाकर हरित वातावरण तैयार करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पौधों के संरक्षण के लिए नवाचार भी किए जा रहे हैं। पुलिस आवासीय परिसरों से निकलने वाले अपशिष्ट जल का शोधन कर उसे पौधों की सिंचाई में उपयोग किया जा रहा है। इससे जल संरक्षण के साथ पौधों की नियमित देखरेख भी सुनिश्चित हो रही है। भीषण गर्मी में पौधों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं ताकि उनका संरक्षण प्रभावी ढंग से किया जा सके।

### प्रभारी मंत्री ने की पुलिस व्यवस्थाओं और नवाचारों की सराहना

प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के साथ थाना देहात के विस्तृत निरीक्षण के दौरान पुलिस की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझते हुए जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की। भ्रमण के दौरान थाना परिसर, एचसीएम कक्ष, थाना प्रभारी कक्ष, आवेदकों के बैठने की व्यवस्था, शीतल पेयजल सुविधा, शिकायत सुनवाई एवं निराकरण प्रक्रिया तथा हवालात का निरीक्षण किया गया। प्रभारी मंत्री गौर ने प्रत्येक व्यवस्था की बारीकी से जानकारी लेते हुए आमजन को बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की नवाचारी पहल के अंतर्गत स्थापित साइबर हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया गया। यहां साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और ऐसी व्यवस्था आमजन को शीघ्र राहत देने में बेहद उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने इसे प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू किए जाने योग्य पहल बताया। प्रभारी मंत्री ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोतीय, जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह, पूर्व विधायक राकेश गिरी, महेश यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे, देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव, कोतवाली थाना प्रभारी रविभूषण पाठक, यातायात थाना प्रभारी सूबेदार आर्या पाराशर सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## स्कूलों में रसोईयाओं के छुट्टी पर जाने से एकीकृत चूल्हा बंद

# ग्रीष्मकालीन अवकाश से आंगनवाड़ी के बच्चों को भोजन नास्ते का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,

इन दिनों जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को भोजन नाश्ते का संकट मंडरा गया है. दरअसल एक मई से स्कूल शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है जिससे स्कूलों में ताले लटक गए हैं स्कूल और आंगनबाड़ियों की भोजन व्यवस्था एकीकृत होने की वजह से स्कूलों में बनने वाले भोजन में से ही पार्सल बनाकर संबंधित महिला स्व सहायता ससमूह द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों परभेजा जाता है लेकिन स्कूल बंद होने से रसोईया भी घर पर चली गई है ऐसी स्थिति में आंगनबाड़ी केंद्रों पर भोजन नाश्ता नहीं आ रहा है हालांकि अधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओ को नोटिस दिए जा रहे हैं लेकिन महिला स्व सहायता समूह भी ऐस परिस्थिति में कुछ करने की स्थिति में नहीं है क्योंकि जिन रसोइयों को स्कूल शिक्षा विभाग ने लगाया है वह छुट्टियों में आंगनबाड़ी के बच्चों को भोजन करने को तैयार नहीं है. और इन रसोईयाओ पर महिला बाल विकास विभाग का भी कोई अधिकार नहीं है क्योंकि इन्हे वेतन स्कूल शिक्षा विभाग से मिलता है महिला बाल विकास विभाग से नहीं।

शायद प्रदेश सरकार बच्चों के साथ दौहरा व्यवहार कर रही है। एक ओर जहां भीषण गर्मी 44 डिग्री तापमान में स्कूलों के बड़े बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश पर है, वहीं आंगनबाड़ी केंद्र के मासूम बच्चे तपती छत के नीचे परेशान होने को मजबूर है। इस और ना सरकार का ध्यान जा रहा है ना ही कलेक्टर का। सरकार के इस भेदभाव के चलते नौनिहाल परेशान होने को मजबूर है। हालत यह है कि कई केंद्रों में पंखे नहीं है। कुछ में बिजली कनेक्शन भी नहीं है। हवादार कमरे नहीं होने से घुटन महसूस होती है। इस बीच यहां पहुंच रहे बच्चे गर्मी से बेहाल होकर बार-बार यही सवाल करते सुनाई दिए कि दीदी छुट्टी कब होगी?



### करीब एक लाख मासूम हो रहे परेशान

जिले में 1236आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है,इसमें करीब एक लाख बच्चे पंजीकृत है। वहीं दो सेंकड़ा के करीब आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवनों में संचालित है। हालांकि बच्चों के लिए यह स्थिति तब और विकट हो जाती है जब यहां कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर बिजली, पानी और पंखों की सुविधा तक नहीं है। हालांकि विभाग ने केंद्र का समय बदलाव कर सुबह 8 से दोपहर 2 बजे के स्थान पर सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर दिया है इसके बावजूद दोपहर 12 बजे तक भी भीषण गर्मी में बैठाए रखना मुश्किल हो रहा है।

### रेडी टू ईट नास्ता दिया जाता है ऐसी स्थिति में

ऐसी स्थिति जब-जब निर्मित होती है तब महिला बाल विकास विभाग एक आदेश जारी कर बच्चों को रेडी टू ईट नाश्ता (सूखा ताजा नास्ता) उपलब्ध कराता है यानी बना हुआ पौष्टिक नाश्ता जो घर पर रख कर भी आराम से खिलाया जा सकता है यह नाश्ता 7 दिन और 15 दिन का इकट्ठा बच्चे को दे दिया जाता है ताकि बच्चा उस नास्ते को घर पर खाकर पोषण बनाए रखें लेकिन रेडी टू ईट नाश्ता के आदेश देने के बजाय महिला बाल विकास विभाग आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भोजन क्यों नहीं आया वाला नोटिस दे रहा है और समूहों को पृथक करने के नोटिस बना रहा है.

### इनका कहना...

ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय स्कूलों की छुट्टियां लग गई हैं जिससे पीएम पोषण शक्ति योजना का चूल्हा बंद हो गया है लेकिन महिला बाल विकास विभाग ने अब अपनी रसोइया को 500 रुपए प्रति माह के हिसाब से अनुदान देना शुरू कर दिया है उनके माध्यम से हम कराहल परियोजना में भोजन नाश्ता बनवा रहे हैं इससे ग्रीषम कालीन अवकाश का प्रभाव नहीं पड़ा है

**सुषमा सोनी**
**प्रभारी सीडीपीओ कराहल**

नियम एक समान होने चाहिए। सरकारी स्कूलों के बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश मिल चुका है तो आंगनबाड़ी केंद्रों के पंजीकृत बच्चों को भी गर्मी से बचाने के लिए छुट्टी देना चाहिए।

**राजकुमारी राजपूत**
**जिलाध्यक्ष आंगनवाड़ी यूनियन**

## जिपं सीईओ ने किया मानपुर गौशाला का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

ग्राम मानपुर में संचालित गौशाला को जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने मानपुर पहुंचकर निरीक्षण किया। प्रशासनिक अमले के साथ पहुंची जिपं सीईओ ने गौशाला के अंदर जाकर गौशाला की व्यवस्था और चारे पानी की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान उन्होने गौशाला की व्यवस्थाओ पर संतोष व्यक्त किया।



## सायलो केन्द्र की खरीद क्षमता बढाने भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶

सलमानिया स्थित सायलो केन्द्र पर गेंहू खरीदी करने की क्षमता बढाने की मांग को लेकर गुरूवार को भारतीय किसान संघ ने प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन प्रस्तुत किया है। भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह चैधरी ने बताया कि सलमानिया सायलो केंद्र की क्षमता 3,00,000 क्विंटल गेहूं खरीदने की है और वर्तमान में 2,76,000 क्विंटल गेहूं इस सायलो केन्द्र पर तुल चुका है। ऐसी स्थिति में इस सायलो की खरीदी क्षमता लगभग पूर्ण हो चुकी है। जबकि अभी तक अधिकांश किसानों का गेहूं तुलना बाकी है, ऐसे में सायलो केन्द्र की खरीदी क्षमता बढाकर 4,50,000 क्विंटल किया जाए। ताकि किसानों को राहत मिल सके। ज्ञापन में किसानों की अन्य परेशानी भी बताई गई। ज्ञापन सौपने के दौरान भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चैधरी के साथ जितेंद्र मीणा, भीमसिंह जाट, आदि किसान संघ पदाधिकारी मौजूद थे।



## कलेक्टर के निर्देश पर डाला शिक्षकों का वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एजुकेशन पोर्टल पर लोक सेवकों की ई-सेवा पुस्तिका में जानकारी दर्ज न होने एवं पोर्टल पर जानकारी लॉक न होने के कारण कार्यरत लोक सेवक की ई-सेवा पुस्तिका लॉक होने तक माह अप्रैल 2026 के वेतन पर लगायी गई रोक से कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा नाराजगी जताने के बाद गुरुवार को ट्रेजरी के माध्यम से सभी शिक्षकों के बैंक अकाउंट में वेतन डाल दिया गया है. इस पर राज्य अध्यापक संघ ने कलेक्टर का आभार जताया है। राज्य अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष राम चरित रावत ने बताया कि एजुकेशन पोर्टल पर लोक सेवकों की ई-सेवा पुस्तिका में जानकारी दर्ज न होने एवं पोर्टल पर जानकारी लॉक न होने के कारण अचानक वेतन पर रोक लगाने से शिक्षक तनाव मे आ गए थे इस मामले मे राज्य अध्यापक संघ ने कलेक्टर शीला दाहिमा वेतन दिलाने का अनुरोध किया था जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ यश जेन के निर्देश पर बीईओ श्योपुर एवं विजयपुर ने वेतन पत्रक तैयार कर ट्रेजरी भिजवा दिया जहाँ से गुरुवार को सभी शिक्षको के बैंक अकाउंट मे वेतन जारी करवा दिया गया.

## 10वीं बोर्ड की द्वितीय परीक्षा में शामिल हुए 152 परीक्षार्थी

श्योपुर। जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा हाईस्कूल और हायरसेकंडरी कक्षा के परीक्षार्थियों के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन गुरूवार से जिले में 5 परीक्षा केन्द्रों पर शुरू हो गया है। गुरूवार को जिले के 5 परीक्षा केन्द्रों पर 10वी बोर्ड की द्वितीय परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। हिन्दी विषय की परीक्षा में 152 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। यह परीक्षा 05 सेंटरों पर आयोजित हुई। हिन्दी विषय की परीक्षा के लिए दर्ज 175 परीक्षार्थियों में से 152 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया। 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## एडीएम न्यायालय ने पट्टे को निरस्त कर शासकीय घोषित कर दी जमीन

# एनएच में मिले 7 लाख 89 हजार मुआवजे की अब होगी वसूली,क्योंकि फर्जी निकला पट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,

नेशनल हाइवे 552 निर्माण के दौरान भूमि ग्रहण किए जाने संबंधी कार्रवाई के दौरान ग्राम दांतरदा निवासी जिस व्यक्ति के द्वारा 7 लाख 89 हजार 130 रूपए का मुआवजा लिया गया है,उस व्यक्ति से अब प्रशासन मुआवजा राशि को वापस वसूल करेगा। क्योंकि जिस पट्टे की भूमि को अपनी बताकर मुआवजा लिया गया है,वह पट्टा जांच के दौरान फर्जी निकला है और उसे पट्टे को न्यायालय अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा जांच के दौरान को निरस्त कर भूमि शासकीय घोषित कर दी गई है और उक्त भूमि पर राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्गत प्राप्त की मुआवजा राशि की वसूली करने के संबंध में आदेश भी पारित कर दिया है।

पारित आदेश के अनुसार दांतरदा कलां स्थित भूमि सर्वे नंबर 221/1 रकबा 0.732 हेक्टयर भूमि को वर्ष 2001 में फर्जी प्रकरण के आदेश का उल्लेख कर भूमि को चरनोई से काबिलकाश्त दर्शाया गया तथा वर्ष 2002 में उक्त भूमि का पट्टा कमला पत्नि गजानंद जाति खाती निवासी दांतरदा कलां के नाम कर दिया गया। वर्ष 2009-10 में अधिकार अभिलेख तैयार करते समय सर्वे क्रमांक 221/1 को 298 में परिवर्तित किया गया। इसके पश्चात एनएच-552 अंतर्गत भूमि अधिग्रहण के समय उक्त भूमि में से 0.398 हेक्टयर भूमि का अधिग्रहण होने पर संबंधित द्वारा 7 लाख 89 हजार 130 रूपये की मुआवजा राशि प्राप्त की गई। मामले की जांच एवं परीक्षण उपरांत किसी अन्य प्रकरण का उल्लेख कर भूमि को काबिलकाश्त किये जाने से उक्त पट्टे को निरस्त कर ग्राम दांतरदा कलां की उक्त भूमि में से एनएच में अधिग्रहित भूमि को छोडकर शेष भूमि को शासकीय चरनोई घोषित करने और संबंधित से मुआवजा राशि 7 लाख 89 हजार 130 रूपये की वसूली नायब तहसीलदार मानपुर के माध्यम से कराये जाने का आदेश पारित किया गया है।



### तत्कालीन नायब तहसीलदार और पटवारी पर कार्रवाई के निर्देश


इस मामले में अपर कलेक्टर न्यायालय के द्वारा तत्कालीन नायब तहसीलदार एवं मौजा हल्का पटवारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए है। बताया गया है कि तत्कालीन नायब तहसीलदार और पटवारी के खिलाफ अब एसडीएम श्योपुर के द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर के निर्देश निश्चप्रभावी, उडा रहा स्वछता अभियान का मखौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,

वर्षाकाल पूर्व नालो की तलाझाड़ सफाई और पानी निकासी के प्रबंध प्राथमिकता से करने के कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा दिए गए निर्देश की पालना नगर पालिका गंभीरता से नहीं कर रही है इसकी बानगी की शहर में जगह-जगह कचरे से भरे नाले और नालियों से सड़क पर ओवरफ्लो कर बह रहा गंदा पानी है. इसकी शिकायत शिव नगर कॉलोनी में रहने वालों ने कलेक्टर से की है।

शिव नगर कॉलोनी वासियो ने शिकायत करते हुए बताया है कि उनकी बस्ती की नालियों में मलवा/कचरा भरा हुआ है और पानी निकासी पाईप लाईन को भी ट्रैक्टर ट्रोली तथा निजी स्कूल की बस द्वारा तोड़ कर नष्ट कर दिया गया है। इस बारे में कई बार प्रशासन को मीडिया के माध्यम से अवगत कराया गया। नालियों का पानी खाली पड़े प्लाटों में भर रहा जिसमे कीड़े मकोड़े, सांप आदि पनप रहे हैं जिनके हमेशा घर में घुसने का डर बना रहता हैं। आंधी तूफान चलने के दौरान गंदा कचरा उड़ कर घरों में घुस जाता हैं। जिस कारण आम जनता को एलर्जी जैसी बीमारी हो रही है। शिव नगर कॉलोनी रेलवे पटरी के सामने वाली नाली में पाईप लाईन डाल कर पानी निकासी करा कर इस विकट समस्या का समाधान करने की मांग शिव नगर कॉलोनी वासियो ने कलेक्टर से की है।



## आग लगने से मवेशियों का चारा जलकर खाक,फायर बिग्रेड ने संभाली स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,

प्रेमसर क्षेत्र के संकुड़ली गांव में अचानक आग लग जाने से बड़ी मात्रा में मवेशियों का चारा जलकर खाक हो गया. आग की भीषणता से रोकने में नगर पालिका की फायर ब्रिगेड ने अहम योगदान निभाया अन्यथा आग तेज हवा के साथ पूरे गांव को भी अपनी चपेट में ले सकती थी.

नगरपालिका के दमकल चालक राकेश मीणा ने बताया कि उन्हें मोबाइल पर सूचना मिली थी कि सांकुड़ली गांव में आग लग गई है मैं अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचा तो मैंने देखा कि सोहनलाल गुर्जर के घर के आगे तीन टोपे जिनमे कम से कम 10 ट्रॉली चार भरा होगा तो धू धूकर जल रहे थे आग इतनी भीषण थी कि अगर उस पर काबू नहीं पाया गया होता तो गांव में आग लगने का अंदेशा था. हवा भी तेज चल रही थी,खतरे को देखते हुए पहले गांव को आग से काटने वाले हिस्से पर पानी डालकर आग बुझाई गई बाद में सम्पूर्ण आग पर काबू पा लिया गया इस दौरान दो टोपे में और आग लगी थी लेकिन वह गांव से दूर थे और वहां तक पहुंचना भी मुश्किल हो रहा था लेकिन किसी तरह से वहां पहुंचकर उनकी आग भी बुझाई. पशुपालक सोहनलाल गुर्जर ने बताया कि उनका व्यवसाय पशुपालन का है और यही चार उनके मवेशियों को साल भर तक खिलाने के काम आता है चारा जल जाने से उनके मवेशियों के लिए अब चेहरे का संकट आ गया है



## जगदीश्वर धाम मंदिर पर चल रही भागवत कथा का आज भंडारे के साथ होगा समापन

# जब भी भक्तों पर विपदा पड़ी, भगवान उसका तारण करने अवश्य आए: पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

विजयपुर तहसील के क्षेत्र ग्राम गसवानी हीरापुरा स्थित जगदीश्वर धाम मंदिर पर वार्षिक महोत्सव के तहत आयोजित हो रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास पूनम शास्त्री वृंदावन धाम ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने भागवत कथा के सातवें दिन भगवान श्री कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास पूनम शास्त्री ने कहा कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं । उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। कथा व्यास पूनम शास्त्री ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है। यहां बता दें कि विगत एक मई से चल रही इस श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने के लिए प्रतिदिन बडी संख्या में लोग पधार रहे है। भागवत कथा के सातवे दिन गुरूवार को कथा स्थल पर करीब 10 हजार से ज्यादा पहुंचे। जिनमें श्योपुर जिले नहीं अपितु बाहर के भी कई लोग शामिल है। शुक्रवार को इस भागवत कथा का भंडारे के साथ समापन किया जाएगा।



### दोपहर 12 बजे से शुरू होगा भंडारा,प्रसादी पाने पहुंचेगे हजारों लोग

जगदीश्वर धाम मंदिर हीरापुरा पर चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का समापन शुक्रवार को भंडारे के साथ किया जाएगा। मुख्य यजमान लवकुश यादव फौजी ने बताया कि शुक्रवार को भंडारा दोपहर 12 बजे से आरंभ होगा। जो रात्रि 8 बजे तक चलेगा। इस भंडारे की प्रसादी पाने के लिए हजारो की संख्या में श्रद्धालुओ के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओ की व्यापक उपस्थिति को देखते हुए भंडारे की व्यवस्था की जा रही है।

### सोंई में आज निकलेगी कलश यात्रा,शुरू होगा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह




सोंईकलां कस्बे में स्थित चैरासी कलाल समाज के मंदिर में भगवान मुरली मनोहर की जी की मूर्ति और शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा भव्यता के साथ होगी। जिसका शुभारंभ 8 मई शुक्रवार को कलश यात्रा निकाले जाने के साथ होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष बाबूलाल शिवहरे ने बताया कि तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ 8 मई को कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा सुबह 8 बजे से शुरू होगी। इसी दिन कलश यात्रा के सम्पन्न होने के बाद सुबह 11 बजे से गणेश मण्डल देवता पूजन, दोपहर 2 बजे से अन्नादिवास, शाम 5 बजे से जलाधिवास कार्यक्रम होगा। 9 मई को सायं 4 बजे नगर भ्रमण शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो गाजेबाजे के साथ कस्बे के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी। 10 मई रविवार को विधिविधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति,यज्ञ और भंडारा आयोजित होगा। भंडारा जानकी पैलेस में आयोजित किया जाएगा। भंडारे में करीब 10 से 12 हजार लोगो के शामिल होकर प्रसादी ग्रहण करने की उम्मीद है। समिति के मुताबिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आबकारी ठेकेदार ग्वालियर सुरेश शिवहरे को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है। जबकि रघुवीर राय ग्वालियर और राजस्थान भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहूर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होगे।

## साक्षात्कार में उत्तीर्ण होने पर ही होगा विषय परिवर्तन, मिलेगा स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक स्तर पर संकाय और स्नातकोत्तर स्तर पर संकाय या मेजर, माइनर विषय के अलावा अन्य विषय में स्नातकोत्तर करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तरीय एकीकृत परीक्षा चलित साक्षात्कार के माध्यम से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में आयोजित की जा रही है।

प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि स्नातक स्तर पर ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने कक्षा 12वीं उत्तीर्ण कर ली है, लेकिन वे अपने मूल संकाय के बजाय किसी अन्य संकाय में प्रवेश लेना चाहते हैं साथ ही स्नातकोत्तर स्तर पर ऐसे विद्यार्थी जो स्नातक के मेजर, माइनर विषयों के अलावा किसी अन्य विषय या संकाय में स्नातकोत्तर करना चाहते हैं। उन्हें 14 मई 2026 तक पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में उपस्थित होना अनिवार्य है। ई प्रवेश के जिला नोडल अधिकारी डॉ लोकेन्द्र सिंह जाट ने बताया कि जिले में 12वीं कृषि संकाय से उत्तीर्ण सेंकडो विद्यार्थी है किंतु जिले के किसी भी महाविद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर विषय उपलब्ध नही है। ऐसे विद्यार्थी बीए, बीएससी या बीकॉम में सीधे प्रवेश नही ले सकते, उनको चलित साक्षात्कार में उपस्थित होकर उत्तीर्ण होना होगा। साक्षात्कार में सफल होने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा पात्रता प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। यह प्रमाण-पत्र चलित साक्षात्कार के दिन ही जारी कर दिया जाएगा। विद्यार्थियों को रेजिस्ट्रेशन के समय ई-प्रवेश पोर्टल पर इस पात्रता प्रमाण-पत्र को अपलोड करना अनिवार्य होगा। पात्रता प्रमाण पत्र अपलोड करने के पश्चात संकाय एवं विषय परिवर्तन का विकल्प खुलने लगेगा एवं विद्यार्थी विकल्प को भरने के बाद प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन कर पाएंगे।

## गेंहू की तुलाई को लेकर कनापुर वेयर हाउस पर झगडा, क्रॉस मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,

जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही गेंहू की खरीदी के दौरान किसानों को परेशानी होने के बीच अब झगडा भी होना शुरू हो गए है। बीती शाम को कनापुर स्थित वेयर हाउस पर गेहूं की तुलाई को लेकर विवाद हो गया। इस मामले में पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार कनापुर स्थित वेयर हाउस पर दो संस्थाओ आसीदा और विजरपुर के गेहू खरीद केन्द्र संचालित हो रहे है। बुधवार की शाम को यहां वेयर हाउस मैनेजर संदीप राजावत और आसीदा गांव के किसानो के बीच गेंहू की तुलाई को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि किसान और मैनेजर के बीच मारपीट हो गई और दोनो लहुलूहान हो गए। देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि वेयर हाउस मैनेजर संदीप पुत्र राजपाल सिंह राजावत निवासी ग्वालियर की रिपोर्ट पर धर्म सिंह, कमल किशोर, कैलाश मीणा निवासी आसीदा के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं धर्म सिंह पुत्र सियाराम मीणा निवासी आसीदा की रिपोर्ट मैनेजर संदीप राजावत के खिलाफ मारपीट की धाराओ में केस दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत चंदेरी-मुंगावली रोड पर ग्राम अर्रोन के समीप किसी अज्ञात वाहन चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए कोसा बाई पत्नि सबदल आदिवासी उम्र 65 साल को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### 26 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम कडेसरा निवासी अंकित पुत्र लक्ष्मी नारायण रघुवंशी उम्र 26 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के ग्राम कजराई अंतर्गत मलखान अहिरवार निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हुकुम सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुद्ध कॉलोनी अशोकनगर निवासी स्नेहा कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति दिलीप कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकवारा निवासी प्रदीप लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आजाद, चन्द्रभान, राघवेन्द्र, रामसखी बाई लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सहसूदी निवासी रवि आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू,लल्लू, और ब्रजेन्द्र आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मामौन निवासी विजय सिंह गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छुटटे गुर्जर और राधाबाई गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### कृषि मंडी के कंप्यूटर ऑपरेटर को निलंबित किया

**अशोकनगर।** उपार्जन केंद्र विपणन सहकारी संस्था मर्यादित मुंगावली द्वारा पिपरई कृषि मंडी में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर प्रमोद अहिरवार को किसानों से अवैध वसूली करने के आरोप में प्रशासक विपणन सहकारी संस्था मर्यादित मुंगावली द्वारा निलंबित किया गया है! निलंबन की कार्यवाही तहसीलदार पिपरई के निरीक्षण करने पर प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

### पुराने कार्यों को पूरा करने में लगे हैं विभाग, नहीं मिल रहे मजदूर

# मनरेगा का नाम बदलने के बाद नहीं आए जिले में कोई नए कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

महात्मा गांधी रोजगार गांरटी योजना जब तक चलती रही, तब तक जिले के ग्रामीण अचंलों में मनरेगा के अंतर्गत निर्माण कार्य आते रहे, लेकिन जब से केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना का नामकरण बीबीजी रामजी करने का निर्णय लिया है तब से कोई नए कार्य जिले में नहीं आए हैं। जो निर्माण कार्य चल रहे हैं वह भी अधूरे हैं, कईं मजदूरों की अनुपलब्धता बनी है तो कही निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए मजदूरों के स्थान पर मशीनों का सहारा लिया जा रहा है, ग्रामीण अचंलों से मनरेगा में शिकायतों का दौर भी जारी है।

#### मजदूरों का रूझान नहीं, निर्माण कार्य भी हो रहे हैं प्रभावित

अशोकनगर जिले में मनरेगा योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में मजदूरों का पंजीकरण किया गया है, उनके जॉब कार्ड बने हैं, लेकिन मनरेगा के अंतर्गत मिलने वाली राशि कम होने के कारण मजदूर मनरेगा के कार्यों में नही पहुंच रहे हैं। मजदूरों का मनरेगा के प्रति कोई रूझान नहीं है, पंचायतो को निर्माण कार्य स्वीकृत किए जाते हैं जिसके बाद पंचायतों की जिम्मेदारी बनती है कि वह तय समय सीमा में निर्माण कार्यों को पूरा करे, लेकिन मजदूरों के अभाव में या उनकी अरूचि के कारण वह निर्माण कार्य नहीं हो पा रहे हैं जिसके कारण पंचायतें मनरेगा के कार्यों को पूरा करने के लिए मजदूरों की जगह मशीनो का सहारा ले रहे हैं।




#### ग्रामीणों की शिकायत मनरेगा में हो रहा है मशीनों से काम

ग्राम काकाखेडी निवासी जयप्रकाश रघुवंशी ने कलेक्टर के यहां 30 अप्रेल को शिकायत की है कि ग्राम पंचायत काकाखेडी में सार्वजनिक कुआ, खेत तालाब में जेसीबी मशीनों से निर्माण कार्य कराया जा रहा है, पूर्व दिनांक में ही टीएस, एएस करा ली गई है एवं पिछले कार्य बताकर मशीनों द्वारा कार्य कराए जा रहे हैं, जबकि मौके पर कोई मजदूरों द्वारा कार्य नहीं कराया जा रहा है। फर्जी मस्टर रोल, मजदूरों के फर्जी खाते खुलवाकर, खाते का एटीएम कार्ड बनवाकर पैसे निकाले जा रहे हैं। सार्वजनिक कूप निर्माण पूर्व से ग्राम काकाखेडी के चारों ओर 7 कूप निर्माण पूर्व से बने हुए हैं, ग्राम रोजगार सहायक द्वारा सिंचाई के लि कूप निर्माण किए जा रहे हैं जिनका निर्माण मशीनों द्वारा किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में उन्होंने जेसीवी मशीनों से किए जा रहे कार्यों को रूकवाए जाने की मांग की है और मजदूरों के फर्जी बैंक खातों की जांच कराने की मांग की है।

#### बीबीजी रामजी योजना के तहत नए निर्माण कार्यों का इंतजार

अशोकनगर जनपद के सीईओ शेलेन्द्र याद्व ने बताया कि मनरेगा योजना में कोई नए कार्य नहीं आए है जो कार्य पहले आए थे वहीं चल रहे हैं। उनमें खेत तालाब, कपिल धारा योजना आदि के कार्य शामिल हैं। इस योजना का नामकरण जबसे बीबीजी रामजी किया गया है तब से कोई निर्माण कार्य नहीं आए हैं। पुरानी केटेगिरी के कामों को पूरा किए जाने का काम चल रहा है।

#### जिले में अधूरे निर्माण कार्यों को किया जा रहा है पूरा

जिले में मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में सड़क निर्माण का कच्चा कार्य, तालाब गहरीकरण, नाली एवं खण्डजा का निर्माण, पौध रोपण जैसे कईं कार्य शामिल हैं। इन निर्माण कार्यों को मार्च तक पूरा होना था किन्तु निर्माण कार्य समय पर पूरे नहीं हो पाए हैं, आज भी अधूरे हैं वर्षाकाल की अवधि नजदीक आ रही है। समय पर यह काम अगर पूरे नहीं हुए तो अधूरे रहने की संभावना है।

#### करते हैं भुगतान

मनरेगा योजना के अंतर्गत नए कोई कार्य अभी तक नहीं आए हैं, इस योजना का नाम बीबीजी रामजी करने के बाद नए कार्य आने का इंतजार है, जो निर्माण कार्य अधूरे हैं उन्हें पूरा किया जा रहा है। निर्माण करने वाले मजदूरों को समय पर भुगतान किया जाता है।

**शैलेन्द्र यादव** सीईओ जनपद पंचायत अशोकनगर।

# एसडीएम ने जनगणना कार्य का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा निर्धारित जनगणना कार्यक्रम के तहत जिले में जनगणना का प्रथम चरण जारी है। एस डी एम गौड़ द्वारा बुधवार को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कर चल रहे जनगणना कार्य का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम गौड़ द्वारा नगरपरिषद ईसागढ़ क्षेत्र अंतर्गत तथा ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम ग्राम धुर्रा, ग्राम छैलाई, ग्राम पाटई, ग्राम महाना, ग्राम बमनावर एवं नगर परिषद ईसागढ़ के क्षेत्र में कार्यवाही के दौरान जनगणना कार्य का निरीक्षण किया गया और मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों से मुलाकात की एवं लोगों को जागरूक करते हुए इसमें सहभागी बनने की जानकारी दी। उन्होंने प्रगणकों द्वारा किए जा रहे डेटा संकलन की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी लेते हुए कार्य की प्रगति का अवलोकन किया।

इस दौरान एसडीएम गौड़ ने मौके पर स्वयं अपने सामने प्रगणक से मकान गणना कार्य करवाकर उसकी कार्यप्रणाली और डेटा प्रविष्टि प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए, ताकि कोई भी घर, परिवार या व्यक्ति गणना से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रगणक मोबाइल ऐप के माध्यम से सभी जानकारी को सटीक रूप से दर्ज करें तथा डेटा की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। साथ ही उन्होंने पर्यवेक्षकों को नियमित रूप से फील्ड मॉनिटरिंग कर कार्य की सतत समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल एप सीई देने 2027-एचएलओ का उपयोग कर डिजिटल रूप से जनगणना की जानकारी भर रहे हैं। गत 01 मई से शुरू हुआ जनगणना का प्रथम चरण 30 मई तक चलेगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य किया जा रहा है।

# जूनियर और सीनियर वर्ग के बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



सोमवार को आर्ट एंड म्यूजिक कॉलेज में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में 3 साल से 12 साल तक की जूनियर केटेगरी रखी गई और 12 साल के ऊपर के बच्चों की सीनियर केटेगरी में बहुत सारे बच्चों ने भाग लिया। जिसमें बड़े बच्चों ने पर्यावरण से संबंधित,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, हरितक्रांति पर, कुछ बच्चों ने कान्हा जी,जगन्नाथ जी, गणेश जी, शिवशक्ति,गौतमबुद्ध,पर पेंटिंग बनाई, तो कुछ बच्चों ने सीनरी, पेड़ पौधे, आसमान में चहकते पक्षियों के चित्रों को कैनवास पर रंगों को बिखेरा।

रविवार को प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बालविकास अधिकारी चंद्रसेना भिड़े मैडम उपस्थित रही। जूनियर केटेगिरी में प्रथम स्थान पर आर्या मंगल,द्वितीय इशिता माहेश्वरी और तृतीय स्थान निष्ठा गुप्ता ने प्रतियोगिता जीती। वही सीनियर में प्रथम स्थान पर साक्षी पटवा द्वितीय अपेक्षा जैन और तृतीय स्थान परी गुप्ता प्रतियोगिता में विजई रही। चंद्रसेना भिड़े ने विजेता छात्रों को कॉलेज की,शील्ड,सर्टिफिकेट,एवं गिफ्ट दिए गए,श्री राम संगीत एवं कला महाविद्यालय की डायरेक्टर रूबी गुप्ता (रिंकल सेठ) ने बताया कि भिड़े मैडम के आने से बच्चों में उत्साह दोगुना हो,गया,साथ ही किसी भी बच्चों को निराश न होना पड़े इसलिए सभी प्रतिभागियों को भी सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट दिए गए। जिससे कि बच्चों में प्रतियोगिताओं के प्रति उत्साह बना रहे।

साथ ही अशोकनगर जिले में द्वितीय एवं पूरे मप्र में नौवा स्थान प्राप्त करने पर नेहा लोधी का कॉलेज की डायरेक्टर रिंकल सेठ ने शॉल श्रीफल ट्रॉफी एवं गिफ्ट देकर सम्मान किया। बच्चों को नेहा का उदाहरण देकर बच्चों को बताया कि अभाव में रहकर भी अग्र कोई बच्चा पूरे प्रदेश में नाम रोशन करता है तो यह हमारे शहर और जिले के लिए गर्व की बात है हमें ऐसे बच्चों का सम्मान करते रहना चाहिए,साथ ही ये भी कहा कि नेहा लोधी को या ऐसे बच्चों को आगे जहां भी पढ़ाई में बुक्स या आर्थिक मदद की जरूरत पड़ेगी श्रीराम संगीत एवं कला महाविद्यालय हमेशा बच्चों के भविष्य को सवारने में जहां भी मदद की जरूरत पड़ेगी वह हमेशा तैयार रहेगी। जज के रूप में आर्ट एंड म्यूजिक टीचर मुकेश सर,हर्ष ओझा, पंकज ओझा,गौतम सर,मीनू पटेल,कुमकुम लोधी,मोहिनी पुरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार मीनू पटेल ने किया।




### मेहंदी एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया

**अशोकनगर।** लीनेस क्लब अशोकनगर सर्वमंगला द्वारा ग्रीष्म काल के मौसम मे बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने की दृष्टि से उनकी रूचि के अनुसार मेहंदी एवं ब्यूटीपार्लर का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें मेहंदी के साथ ब्यूटीपार्लर का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बालिकाओं ने रूचि के अनुसार प्रशिक्षण लिया, इस दौरान बताया गया कि वह लगातार अभ्यास करें ताकि उनके द्वारा जो रूचि ली गई है उसका सार्थक परिणाम मिल सके। पंजाबी धर्मशाला, अशोकनगर में आयोजित शिविर में कई बालिकाएं लाभान्वित हुईं। इस अवसर पर चार्टर्ड प्रेसिडेंट दिव्यप्रभा तायड़े, अध्यक्ष अमिता खेर, वाइस प्रेसिडेंट रानी जुनेजा, सचिव अंजना अग्रवाल, जॉइंट सेक्रेटरी संपदा वैद्य एवं सदस्य रुचि शर्मा तथा मनीषा ओझा उपस्थित रहीं।

### ग्रामीणों को योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

# ईसागढ़ क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों की हकीकत हुई उजागर, निरीक्षण में कई केन्द्र मिले बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। मंगलवार को किए गए निरीक्षण में कई आंगनवाड़ी केन्द्र बंद मिले, जबकि कुछ केन्द्र खुले होने के बावजूद वहां न तो कर्मचारी मौजूद थे और न ही बच्चे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 10.44 बजे ग्राम गहोरा के केन्द्र क्रमांक 1 और 2 बंद पाए गए, जबकि केन्द्र 3 और 4 खुले मिले लेकिन वहां सहायिका ड्रेस में नहीं थी और एक भी बच्चा उपस्थित नहीं मिला। इसके बाद निरीक्षण के दौरान गणेशखेड़ा केन्द्र 11.05 बजे, तिलहारी केन्द्र 11.10 बजे और धनवारा केन्द्र 11.17 बजे पूरी तरह बंद पाए गए। अनघोरा दीवान केन्द्र की स्थिति भी चिंताजनक रही, जहां बाहर से केन्द्र खुला था लेकिन अंदर से बंद मिला और 11.28 बजे तक कार्यकर्ता एवं सहायिका अनुपस्थित रहे। वहीं माधोपुर केन्द्र खुला मिला, लेकिन भेरोगढ़ और राजगढ़ केन्द्रों पर सहायिका उपस्थित नहीं थी। बुढ़यिा केन्द्र 12.59 बजे बंद पाया गया। इस पूरे मामले से साफ है कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन में भारी लापरवाही बरती जा रही है, जिससे ग्रामीणों और बच्चों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

वहीं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर समय सारिणी अनुसार कार्य नहीं किया जाता है अधिकांश आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति शून्य दिखाई देती है। जबकि रजिस्टर में जितने बच्चे दर्ज होते है उसके 25 प्रतिशत भी उपस्थिति नहीं मिलती है और मध्याह्न भोजन पूरे बच्चों का शत प्रतिशत देकर भुगतान किया जा रहा है बच्चों को खेल कूद की कोई सामग्री नहीं मिलती। बच्चों को बैठने की उचित व्यवस्था नहीं, शौचालय नहीं, पीने का पानी नहीं, फिर कैसे होगा बच्चों का विकास। ईसागढ़ परियोजना विभाग में पहले 2 सुपरवाइजर 9 सेक्टर को देखती थी अब 9 सुपरवाइजर के बाद भी निरीक्षण करने के बाद भी केन्द्रों पर कोई सुधार नहीं हो रहा है हालात जस के तस है मंगलवार को जब केन्द्र बन्द मिले है तो अन्य दिनों में क्या स्थिति होती होगी। आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बोर्ड नहीं लगे होने से पता भी नहीं चलता है कि यहां केन्द्र कहां है और कार्यकर्ता सहायिका अपनी ड्रेस पहनने में ही हिचक महसूस करती हैं ना ही आई डी कार्ड उनके पास होते हैं उनसे जब विभाग की योजनाओं के बारे में या अधिकारी पर्यवेक्षक के बारे में पूछा जाता है तो वो भी सही तरीके से बता नहीं पाती है ऐसे में बड़ा सवाल आखिर क्यों सख्त कार्यवाही नहीं की जा रही है।



# प्रधान जिला न्यायाधीश ने लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई



**अशोकनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में तथा म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 09 मई को जिला न्यायालय अशोकनगर तथा तहसील न्यायालय, चंदेरी, मुंगावली एवं ईसागढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर सतीशचन्द्र शर्मा द्वारा बुधवार को जिला न्यायालय परिसर अशोकनगर से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस प्रचार वाहन के माध्यम से आमजन को नेशनल लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जायेगा। ऐसे पक्षकार जिनके मामले न्यायालयों में लंबित हैं या ऐसी परिस्थिति निर्मित है, जो भविष्य में न्यायालय में जाने का विषय बन सकती है, दोनों ही परिस्थितियों में पक्षकार स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर या तहसील विधिक सेवा समिति चंदेरी, मुंगावली एवं ईसागढ़ न्यायालय में संपर्क कर अपने मामलों का निराकरण करा सकते है। जिससे दोनों पक्षों में उत्पन्न वैमनस्यता समाप्त हो जाती है और दोनों पक्षकारों की जीत होती है। प्री-लिटिगेशन स्तर पर रखे जाने वाले मामलों में कोर्ट फीस नहीं लगती है तथा लंबित मामलों में पूर्व में दी गई कोर्ट फीस वापस हो जाती है। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय केशव मणि सिंघल, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ चंद्रशेखर साहू, जिला न्यायाधीश संजीव सिंघल, जिला न्यायाधीश सुनील कुमार, जिला न्यायाधीश किशोर कुमार निनामा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तूमराची धुर्वे, सचिव मनीष अनुरागी, न्यायाधीश हर्षिता शर्मा गौड़, न्यायाधीश सोनल गुप्ता, न्यायाधीश प्रिया चैहान, न्यायाधीश शुभम द्विवेदी, न्यायाधीश समीक्षा जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, सचिव अधिवक्ता संघ रामनिवास शर्मा, ओमप्रकाश दुबे चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता, समस्त लीगल एड डिफेंस काउंसल के अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अमृत हरित महा अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यों का किया निरीक्षण

**शाढ़ौरा।** नगर परिषद में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत संचालित अमृत हरित महाअभियान एवं एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत किए गए वृक्षारोपण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मीडिया एक्सपर्ट अमृत 2.0 रचना वेदी ने नगर परिषद कार्यालय के समीप स्थित पार्क, कुंडलपुर पार्क एवं नमो नगर वन कुंडलपुर का भ्रमण कर पौधारोपण कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए की कारों की प्रगति समय पर पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने कहा कि कार्य संतोषजनक हैं, लेकिन बेहतर परिणामों के लिए सुधार की आवश्यकता है। साथ ही पुरातात्विक महत्व के कुओं और बावड़ियों से संबंधित प्रस्ताव भी भेजने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि अमृत 2.0 योजना के तहत 2 लाख से 10 लाख रुपए तक के कार्यों की स्वीकृति दी जा रही है, इसलिए अधिक से अधिक प्रस्ताव भेजे जाएं ताकि नगर की सुंदरता में और निखार आ सके। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शमशाद पठान, एनयूएलएम रानी राजपूत, पीडीएमसी सौरभ यादव, बंधु श्रीवास्तव एवं सुदामा वर्मा उपस्थित रहे।



### केन्द्रीय मंत्री सिंधिया को पत्र लिखकर ग्राम खमतला में तालाब का निर्माण किए जाने की मांग

**ईसागढ़।** जनपद सदस्य बाजबहादुर सिंह ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर ग्राम खमतला में तालाब निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की है। जिसके संबंध में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कलेक्टर को पत्र लिखा कि जनपद पंचायत ईसागढ़ के वार्ड 11 जनपद सदस्य ने ग्राम पंचायत फुटेरा पछार के ग्राम खमतला में तालाब निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की है जिसको आप देखकर नियम अनुसार कार्य करने की कार्यवाही करें जिससे ग्रामीणों को तालाब का लाभ प्राप्त हो जनपद सदस्य बाज बहादुर सिंह ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उनकी मांग के संदर्भ में कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत किया।

### रुकी हुई रीडिंग का एक साथ बिल बना, अपने आप बंद हुए कनेक्शन

# समस्या: स्मार्ट मीटर ने लगाया उपभोक्ताओं को झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर में बीते कुछ महीनों से कस्बे में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। कस्बे में करीब 800 बिजली कनेक्शन हैं, जिनमें से 150 से अधिक कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। कई कनेक्शन पर स्मार्ट मीटर लगने के बाद जो बिजली बिल आए हैं, उन्होंने उपभोक्ताओं को झटका दे दिया है। जैसे कि पुराना बाजार निवासी रामसेवक षर्मा का 25000, शिवकुमार शर्मा का 21000 का बिल आया है।

कंपनी का तर्क है कि ऐसे उपभोक्ता जिनके पुराने मीटरों में रीडिंग अधिक थी लेकिन किसी कारण वष उसे बिल में पहले अपडेट नहीं किया गया था, उनके बिलों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद यह रीडिंग अपने आप अपडेट हुई है और बिल बढ़कर आ गए हैं। वहीं उपभोक्ताओं का तर्क है कि यदि रीडिंग नहीं ली गई तो इसमें मीटर रीडर का दोष है। एक साथ इतनी बड़ी राषि वह कैसे जमा करेंगे। षिवकुमार षर्मा ने बताया कि बिल जमा न करने पर हमारी बिजली आपूर्ति बंद हो गई, हमारे घर में छोटे भाई की षादी थी, ऐसे में हमने 21 में से 10 हजार रुपए जमा कराए तब कहीं जाकर आपूर्ति बहाल हो सकी।

**एक किलोवॉट का प्रभार, बिल तीन हजार से ज्यादा** मंडी मोहल्ला निवासी सुखवीर अहिरवार ने बताया कि उनके पिता कंछेदी अहिरवार के नाम से घरेलु कनेक्षन है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले इस परिवार के कनेक्षन पर एक किलोवॉट का स्वीकृत प्रभार है। पहले 300 से 500 रुपए महीने तक बिल आता था, जब से स्मार्ट मीटर लगवाया है, तबसे प्रतिमाह 3 हजार रुपए से अधिक का बिल आ रहा है। मैन मार्केट में निवासरत षंभू षंकर पाठक का बिल भी प्रति माह 6 हजार से अधिक आने लगा है, जो स्मार्ट मीटर लगने के पहले ढाई से तीन हजार रुपए आता था। वहीं निचला बाजार निवासी कमलाबाई प्रजापति नामक उपभोक्ता के घर स्मार्ट मीटर नहीं लगा है फिर भी प्रत्येक माह 8 हजार रुपए से अधिक का बिल दिया जा रहा है।




#### रीडिंग की गलती से एक माह में 13 हजार का बिल दिया, अब बिजली बंद

खैरखाड़ी मार्ग पर निवासरत मुकेष श्रीवास्तव नामक उपभोक्ता के साथ एक अजीब समस्या खड़ी हुई है। उन्होनें बताया कि अक्टूबर 2023 में उनका एक माह का बिल 13 हजार रुपए आ गया था। जिसमें रीडिंग गलत अंकित थी, इस बिल में सुधार के लिए कंपनी स्तर से लेकर कलेक्टर की जनसुनवाई पर वह ढाई साल से आवेदन दे रहे हैं। वहीं हर माह आने वाला बिल वह नियमित जमा करते रहे। बीते दिनों जब स्मार्ट मीटर लगा तो 13 हजार से अधिक बकाया होने की स्थिति में सप्लाई बंद हो गई। कंपनी कार्यालय में संपर्क करने पर बताया गया कि भोपाल से ही अपने आप मीटर में सप्लाई बंद हुई है।

#### पुरानी रीडिंग जुड़कर आती है

ऐसा नहीं है कि स्मार्ट मीटर के वजह से बिल बढ़कर आए हैं। कोई भी नया मीटर लगाने पर पुरानी रीडिंग जुड़कर आती है। स्मार्ट मीटर के तो कई तरह के फायदे हैं। यदि किसी उपभोक्ता को समस्या है तो वह कंपनी में आवेदन दें, हम जांच कराएंगे।

बाबूजी मंडेलिया, प्रभारी, विद्युत वितरण केन्द्र बहादुरपुर